Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 2 | अम्ल, क्षारक एवं लवण

QUIZ PART-01

1. **अम्ल जलीय विलयन में कौन-से आयन प्रदान करते हैं?**
   A. $OH^-$ आयन  B. $H^+$ आयन
   C. $Na^+$ आयन  D. $Cl^-$ आयन  (B)

*व्याख्या:* अम्ल जलीय विलयन में $H^+$ आयन प्रदान करते हैं जो उनकी अम्लीय प्रकृति को दर्शाते हैं।

2. **नीले लिटमस को लाल रंग में बदलने वाला पदार्थ कौन-सा है?**
   A. क्षारक  B. लवण
   C. अम्ल  D. जल  (C)

*व्याख्या:* अम्ल नीले लिटमस को लाल कर देता है, जबकि क्षारक इसका विपरीत प्रभाव डालता है।

3. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रबल अम्ल है?**
   A. $CH_3COOH$  B. $HCl$
   C. $H_2CO_3$  D. $C_2H_5OH$  (B)

*व्याख्या:* $HCl$ एक प्रबल अम्ल है क्योंकि यह जल में पूर्ण रूप से आयनित होकर $H^+$ आयन प्रदान करता है।

4. **निम्न में से कौन-सा क्षार जल में अघुलनशील है?**
   A. $KOH$  B. $NaOH$
   C. $Ca(OH)_2$  D. $NH_4OH$  (C)

*व्याख्या:* $Ca(OH)_2$ जल में अघुलनशील क्षारक है जबकि अन्य क्षारक जल में घुलनशील हैं।

5. **नींबू और संतरे में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?**
   A. लैक्टिक अम्ल  B. ऑक्सेलिक अम्ल
   C. टारटरिक अम्ल  D. साइट्रिक अम्ल  (D)

*व्याख्या:* नींबू और संतरे में साइट्रिक अम्ल पाया जाता है जो एक प्राकृतिक अम्ल है।

6. **प्रबल क्षार कौन-सा है?**
   A. $Ca(OH)_2$  B. $NH_4OH$
   C. $NaOH$  D. $Mg(OH)_2$  (C)

*व्याख्या:* $NaOH$ एक प्रबल क्षारक है क्योंकि यह जल में पूर्ण रुप से आयनित होकर $OH^-$ आयन प्रदान करता है।

7. **हल्दी किस प्रकार का सूचक है?**
   A. कृत्रिम  B. प्राकृत
   C. गंधीय  D. विद्युत  (B)

*व्याख्या:* हल्दी एक प्राकृत सूचक है जिसका उपयोग अम्ल और क्षार की पहचान में किया जाता है।

8. **फीनॉल्फ्थेलिन अम्लीय विलयन में कैसा रंग दिखाता है?**
   A. गुलाबी  B. पीला
   C. रंगहीन  D. नीला  (C)

*व्याख्या:* फीनॉल्फ्थेलिन अम्लीय विलयन में रंगहीन होता है जबकि क्षारीय विलयन में गुलाबी रंग दिखाता है।

9. **प्याज का रस किस प्रकार का सूचक है?**
   A. प्राकृतिक  B. गंधीय
   C. कृत्रिम  D. खनिज  (B)

*व्याख्या:* प्याज का रस एक गंधीय सूचक है जो अम्लीय और क्षारीय माध्यम में गंध में परिवर्तन के आधार पर पहचान देता है।

10. **कौन-सा सूचक क्षारीय विलयन में पीला रंग दर्शाता है?**
    A. फीनॉल्फ्थेलिन  B. लाल लिटमस
    C. मेथिल ऑरेंज  D. हल्दी  (C)

*व्याख्या:* मेथिल ऑरेंज अम्लीय विलयन में लाल और क्षारीय विलयन में पीला रंग दर्शाता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App